an>

Title: Need to set up an Integrated Ayush Hospital in Maharajganj district, Uttar Pradesh.

श्री पंकज चौधरी (महाराजगंज) ः मेरे संसदीय क्षेत्र जनपद महाराजगंज, उत्तर प्रदेश भारत-नेपाल सीमा पर बसा है। यह जनपद चिकित्सा सुविधाओं से वंचित है। नेपाल की ओर से आने वाली नदियों से प्रतिवर्ष यहां बाढ़ आती है, जिससे होने वाले जल जमाव से काफी तरह की बीमारियां उत्पन्न होती हैं। गरीबी के कारण यहां के लोगों को बाहर जाकर इलाज कराना संभव नहीं हो पाता है। आयुष मिशन के अंतर्गत केंद्र सरकार द्वारा इन्टीग्रेटेड आयुष अस्पताल देने की योजना भी है।

अतः मेरा केंद्र सरकार से अनुरोध है कि जनपद महाराजगंज, उत्तर प्रदेश में पचास बेड का एक इन्टीग्रेटेड आयुष हॉस्पिटल की स्थापना करने की प्रशासनिक व वित्तीय स्वीकृति प्रदान करने की कृपा करेट जिससे इस क्षेत्र के लोगों को आयुष पद्धति चिकित्सा का लाभ मिल सके।